आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

जगत सिंह

बागवानी और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किसानों से आग्रह किया है कि वे पारंपरिक फसलों के अलावा आधुनिक सुविधाओं के साथ बागवानी को भी अपनाएं, जिससे उनकी आय में काफी वृद्धि होगी। आज हमीरपुर के समीप बकारटी और बरंडा गांवों में एचपीशिवा परियोजना के तहत लगाए गए मौसम्बी के बागीचों का निरीक्षण करने के बाद स्थानीय लोगों से संवाद के दौरान उन्होंने यह अपील की। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी फल उत्पादन, विशेषकर नींबू प्रजाति के फलों को बढ़ावा देने और बागवानों को प्रेरित व प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार एचपीशिवा परियोजना के माध्यम से बागवानों के लिए बागीचे तैयार करके उन्हें सौंप रही है।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने प्रदेश के मुददों पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का सुझाव दिया है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विधानसभा की विशेष बैठक बुलाने को लेकर वे मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष से चर्चा करेंगे। कुलदीप पठानिया ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति से निपटने जैसे मुददों पर बैठक में राजनीति से उपर उठकर चर्चा होनी चाहिए और ऐसी बैठकें प्रदेश के हित में निर्णायक साबित हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 से 21 दिसंबर तक धर्मशाला के तपोवन में आयोजित किया जाएगा। हाल ही में विदेश दौरे से लौटे विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि उन्हें देश भर के विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर भारत का पक्ष रखने का मौका मिला। कुलदीप पठानिया ने बताया कि दौरे के दौरान उन्होंने विदेशों में पर्यटन और शिक्षा के बारे में जानकारी भी हासिल की।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा है कि कांगड़ा जिले के गग्गल हवाई अड्डे के रनवे को तीन हजार 10 मीटर तक बढ़ाने के लिए भारतीय विमानन प्राधिकरण द्वारा तैयार प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन है। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा आज संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय नागर विमानन नीति 2016 के अनुसार हवाई अडडे के विकास के लिए निशुःल्क और सभी बाधाओं से मुक्त भूमि उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। मुरलीधर मोहोल ने कहा कि कांगड़ा हवाई पट्टी के विस्तार के लिए 3 सौ 69 एकड से अधिक भूमि के लिए हिमाचल सरकार से अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि ये भूमि अभी

तक राज्य सरकार ने उपलब्ध नहीं करवाई है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि उड़ान योजना के तहत हिमाचल में शिमला, भुंतर, रामपुर और मंडी के हैलीपोर्ट शुरू हो चुके हैं।

स्वास्थ्य जांच

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास संस्था द्वारा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के सहयोग से संचालित की जा रही–सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने दड़ूही पंचायत में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सौ से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के दौरान मरीजों को निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। स्थानीय लोगों व पंचायत प्रतिनिधियों ने इस सुविधा के लिए अनुराग ठाकुर का आभार जताया।

जागरूकता कार्यक्रम

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा लाहौल स्पीति जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर में एकीकृत संचार व आउटरीच कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर कार्यालय के प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि आज स्वच्छता पर आधारित जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें आईटीआई के विद्यार्थियों ने लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा विद्यार्थियों में चित्रकला व नारा लेखन प्रतियोगिताएं भी करवाई गई।

प्रतिभा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह आज नई दिल्ली के लिये रवाना हो गई जहां वह कल 29 नवंबर को होने वाली कांग्रेस कार्य समिति सी डबल्यू सी की बैठक में हिस्सा लेंगी। प्रतिभा सिंह इस दौरान पार्टी के शीर्ष नेताओं से भी मिलेंगी।

बाल मेला

स्कूली बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत डाइट चंबा में जिला स्तरीय बाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंबा सदर के विधायक नीरज नैयर ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की। दो दिवसीय इस बाल मेले के दौरान जिला चंबा के विभिन्न ब्लॉकों से स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

समाप्त